## परासिया रोड स्थित बैंक ऑफ इंडिया में लूट का प्रयास विफल, एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरा फरार, घायल हुए एसआई नारायण बघेल

# खाकी के हौसले के आगे हारी लूट की साजिश, जांबाज एसआई ने पकड़ा बदमाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

शहर के परासिया रोड स्थित बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में शनिवार दोपहर फिल्मी अंदाज में बैंक लूट की कोशिश को पुलिस और स्थानीय नागरिकों की सतर्कता ने नाकाम कर दिया। बदमाश पूरी तैयारी के साथ बैंक में घुसे थे। उन्होंने बैंक का ताला तोड़कर लॉकर तक पहुंचने की कोशिश की और दहशत फैलाने के लिए कथित तौर पर पेट्रोल से भीगे रस्सी बम का इस्तेमाल किया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चोरी करने वाला कोई और नहीं ऑटो पार्ट्स कारोबारी निकला। जिसने रेकी के बाद पूरा प्लान बनाया और करीब 34 घंटे तक लॉकर काटता रहा। उसने चोरी की प्लानिंग 3.5 करोड़ के कर्ज को चुकाने के लिए किया। बैंक की तीन दिन की छुट्टी होने पर वह शुक्रवार को बैंक के अंदर घुसा था।



### फरार साथी की तलाश में पुलिस की दबिश

गिरफ्तार आरोपी से कोतवाली पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ में लूट की पूरी साजिश, आरोपियों की पहचान तथा उनके अन्य साथियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी। वहीं दूसरे फरार आरोपी की तलाश में अलग-अलग टीमें संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं। शहर के प्रमुख मार्गों और आसपास के इलाकों में भी निगरानी बढ़ा दी गई है।



आरोपी चंद्रप्रकाश लाखंडे

### संदिग्ध गतिविधियों ने खोली साजिश की परतें

जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर बैंक बंद था। इसी दौरान दो संदिग्ध युवक बैंक परिसर में पहुंचे और पहली मंजिल पर स्थित शाखा का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश कर गए। उनकी गतिविधियां आसपास मौजूद लोगों को संदिग्ध लगीं। लोगों ने बिना देर किए कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और बैंक को चारों ओर से घेर लिया। पुलिस टीम दो शटर पार कर बैंक के भीतर पहुंची। खुद को घिरता देख बदमाशों ने बच निकलने के लिए खतरनाक तरीका अपनाया। आरोप है कि उन्होंने पेट्रोल में भीगी रस्सी में आग लगाकर विस्फोट जैसा धमाका किया, जिससे बैंक परिसर में धुआं और अफरा-तफरी फैल गई।

### लॉकर तक पहुंचने की थी तैयारी, लेकिन नहीं ले जा सके एक भी रुपया

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपियों का मकसद बैंक के लॉकर और नकदी तक पहुंचना था। इसके लिए उन्होंने पूरी योजना बनाकर बैंक में प्रवेश किया था। पुलिस की समय पर कार्रवाई के कारण आरोपी अपने मंसूबों में सफल नहीं हो सके और बैंक से एक भी रुपया नहीं ले जा पाए। घटना के बाद बैंक परिसर को सुरक्षा घेरे में लेकर सघन तलाशी अभियान चलाया गया।

### फॉरेंसिक टीम ने जुटाए अहम साक्ष्य

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अजय पांडे स्वयं मौके पर पहुंचे और पूरे घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस अधिकारियों ने बैंक के भीतर की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। फिंगर प्रिंट एवं फॉरेंसिक विशेषज्ञों की टीम ने घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए। बैंक के अंदर और बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है ताकि आरोपियों की गतिविधियों और उनके नेटवर्क का पता लगाया जा सके।

### घायल हुए, फिर भी नहीं छोड़ी आरोपी की पकड़

इस दौरान सब इंस्पेक्टर नारायण बघेल ने जान जोखिम में डालकर धुएं और आग के बीच से आरोपी चंद्रप्रकाश लोखंडे को पकड़ने का साहसिक प्रयास किया। खुद को छुड़ाने के लिए आरोपी ने नुकीले हथियार से उन पर हमला कर दिया। हमले में एसआई बघेल के हाथ में गंभीर चोट आई और वे लहूलुहान हो गए। इसके बावजूद उन्होंने आरोपी को नहीं छोड़ा और उसे जमीन पर दबोच लिया।



बाद में मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने भी पुलिस का सहयोग किया, जिसके बाद आरोपी को हिरासत में लेकर कोतवाली थाना पहुंचाया गया।

### पुलिस की बहादुरी की शहर भर में हो रही चर्चा

भर में पुलिस की तत्परता और विशेष रूप से सब इंस्पेक्टर नारायण बघेल की बहादुरी की चर्चा है। घायल होने के बावजूद जिस साहस के साथ उन्होंने आरोपी को पकड़ा, उसे लोगों ने खाकी का जज्बा बताया। सोशल मीडिया पर भी उनकी बहादुरी की सराहना की जा रही है। चिकित्सकीय उपचार के बाद उनकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि आरोपी किसी बड़े गिरोह से जुड़े हैं या नहीं तथा उन्होंने बैंक की रेकी कब और कैसे की। बैंक में आग लगाने और विस्फोट जैसी घटना के पीछे इस्तेमाल की गई सामग्री की भी फॉरेंसिक जांच कराई जाएगी। पुलिस का दावा है कि फरार आरोपी को भी जल्द गिरफ्तार कर पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

## अंतर्राष्ट्रीय नशा एवं नशा तस्करी निरोधक दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**छिन्दवाड़ा।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा सुशांत हुद्दार के मार्गदर्शन तथा सचिव/न्यायाधीश राकेश सिंह के निर्देशन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुक्लूढाना, जिला छिंदवाड़ा में नालसा (ड्रग अवेयरनेस एंड वेलनेस नेवीगेशन फॉर ए ड्रग फ्री इंडिया) स्कीम 2025 के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय नशा एवं नशा तस्करी निरोधक दिवस के अवसर पर आज विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सचिव/न्यायाधीश श्री राकेश सिंह ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को मादक पदार्थों के प्रकार, मादक पदार्थों से संबंधित कानून तथा नशे के दुष्परिणामों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की गई है, जिसके अंतर्गत प्रत्येक स्तर पर जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## 29 जून को इस्कॉन मनाएगा श्री जगन्नाथ स्नान पूर्णिमा



**छिंदवाड़ा।** गांधीगंज स्थित इस्कॉन, छिंदवाड़ा में 29 जून सोमवार को श्री जगन्नाथ, बलदेव सुभद्रा, महारानी एवं सुदर्शन चक्र के विग्रहों का स्नान पूर्णिमा के शुभ अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महाभिषेक का आयोजन किया जा रहा है। इस्कॉन छिंदवाड़ा के ब्रह्मचारी सुमंगल माधव दास ने बताया कि इस अवसर पर श्री जगन्नाथ बलदेव एवं सुभद्रा, महारानी एवं सुदर्शन चक्र के नवीन विग्रहों को पुरुषोत्तम क्षेत्र जगन्नाथ पुरी धाम से विशेष वाहन के माध्यम से विगत सप्ताह लाया गया है, भगवान के सभी विग्रह के प्रथम दर्शन भी उनके प्रकट्य दिवस के अवसर पर अर्थात स्नान पूर्णिमा के दिन महाभिषेक के साथ समस्त छिंदवाड़ा वासियों को होगा। इस आयोजन की शुरुआत भगवान की मंगल आरती से होगी और सुबह 9 बजे से पांडु विजय के साथ भगवान श्री जगन्नाथ बलदेव सुभद्रा महारानी एवं सुदर्शन चक्र जी का पंचगव्य विभिन्न प्रकार के फलों के रस से महाभिषेक होगा. इस सुअवसर पर समस्त भक्तगण भी अपने हाथों से भगवान का महाभिषेक कर सकते हैं, तत्पश्चात भगवान को 108 भोग अर्पित किए जाएंगे। दोपहर 12 बजे भगवान के विशेष गजवेश दर्शन एवं महाआरती का आयोजन होगा और सभी भक्तों को भगवान के महा प्रसाद का वितरण किया जायेगा। संस्थान ने इस अवसर पर समस्त नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की।

## मेधावी छात्रों का सम्मान, करियर काउंसलिंग से मिला भविष्य का मार्गदर्शन

**छिंदवाड़ा।** होटल पूजा, परासिया रोड में रविंद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय एवं स्कोप ग्लोबल स्किल यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में मेधावी छात्र सम्मान एवं करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सनराइज स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती सुप्रिया गुप्ता ने जिले के विभिन्न विद्यालयों के 12वीं उत्तीर्ण मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जिले के 15 से अधिक शाखा प्रबंधक तथा 150 से अधिक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस दौरान रविंद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के ग्लोबल एमबीए, ड्रामा अकादमी, फ्यूचर स्किल प्रोग्राम सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों एवं स्कोप ग्लोबल स्किल यूनिवर्सिटी के इंडस्ट्री-अलाइनड वर्क इंटीग्रेटेड लर्निंग और जॉब ओरिएंटेड कोर्स की जानकारी दी गई। जीवीआईटी कंप्यूटर के संचालक अभिषेक वर्मा ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और छात्रों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में धीरज मनोचा, निशांत श्रीवास्तव एवं यीचेंदर राहगडाले सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## बढ़ती चोरियों और अवैध गतिविधियों पर कांग्रेस का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



लोधीखेड़ा नगर में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं और व्याप्त अवैध गतिविधियों को लेकर आज शनिवार को स्थानीय कांग्रेस का एक प्रतिनिधि मंडल थाना लोधीखेड़ा पहुँचा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन सौंपा और दोषियों के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई की मांग की।

प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस को अवगत कराया कि पिछले कुछ समय से नगर में चोरी की वारदातों में इजाफा हुआ है, जिससे आम नागरिकों में डर और असुरक्षा का माहौल है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यदि समय रहते इन घटनाओं पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो स्थिति और बिगड़ सकती है।

चोरी के मामलों के अलावा, कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने नगर में खुलेआम चल रही अवैध गतिविधियों—जैसे गांजा तस्करी, जुआ और सट्टा—पर भी कड़ा प्रहार करने की मांग की। उन्होंने पुलिस प्रशासन से अपील की कि इन असामाजिक कृत्यों में लिप्त लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि युवा पीढ़ी को नशे की लत और अपराधों से बचाया जा सके।ज्ञापन सौंपने के दौरान थाना प्रभारी ने प्रतिनिधि मंडल की बातों को गंभीरता से सुना और नगर की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस चोरी की घटनाओं का खुलासा करने और अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए सक्रियता बढ़ाएगी। इस अवसर पर सुरेश गोखे, नारायण भगत, प्रमोद मानापुरे, खेमचंद गोखे, दिनेश बारापात्रे, दीपक धानोरकर, आशीष राज गोखे, ज्ञानेश्वर बारापात्रे आदि थे।

# मानसून में विलंब के चलते कन्हरगांव जलाशय का लाइव स्टोरेज रिक्त

### ग्रामीण क्षेत्रों के बोरवेल किए गए सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

इस वर्ष मानसून के आगमन में हुए विलंब के कारण कन्हरगांव जलाशय में जलस्तर प्रभावित हुआ है, जिसके चलते नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा शहर एवं उससे जुड़े क्षेत्रों में सुचारू जलप्रदाय बनाए रखने के लिए व्यापक वैकल्पिक प्रबंध किए जा रहे हैं।

प्राकृतिक रूप से जल स्त्रोतों में हुई कमी को देखते हुए महापौर श्री विक्रम अहके के निर्देशन में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण तकनीकी और व्यावहारिक निर्णय लिए गए। नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के भरतादेव स्थित 11 MLD एवं 15 MLD क्षमता के फिल्टर प्लांटों के संचालन हेतु कन्हरगांव जलाशय से ग्रेविटी पाइपलाइन के माध्यम से रॉ वॉटर (कच्चा पानी) प्राप्त होता है।

मानसून के लेट आने के कारण कन्हरगांव जलाशय की कुल 26 MCM क्षमता में से 23 MCM लाइव स्टोरेज पूर्णतः खाली हो गया है, जिससे ग्रेविटी पाइपलाइन में पानी का स्वाभाविक प्रवाह उपलब्ध नहीं हो पा रहा था और भरतादेव स्थित फिल्टर प्लांटों के संचालन में तकनीकी व्यवधान उत्पन्न हुआ।



वर्तमान स्थिति में कन्हरगांव जलाशय में शेष 3.9 MCM जल डेड स्टोरेज के रूप में उपलब्ध है, जिसे दृष्टिगत रखते हुए महापौर श्री विक्रम अहके के विशेष प्रयासों से कन्हरगांव जलाशय के डेड स्टोरेज पर विभिन्न क्षमता के पोंटून पंप (फ्लोटिंग पंप) स्थापित किए जा रहे हैं। इन पोंटून पंपों के माध्यम से डेड स्टोरेज के पानी को लिफ्ट कर मुख्य ग्रेविटी पाइपलाइन में भेजा जाएगा, जिससे भरतादेव स्थित फिल्टर प्लांटों का संचालन सुचारू रूप से किया जा सके।

इसके साथ ही जल आपूर्ति को निर्बाध और निरंतर बनाए रखने के लिए पाइपलाइन के माध्यम से पानी की सप्लाई लगातार जारी रखी गई है तथा भविष्य में विद्युत आपूर्ति में किसी भी प्रकार की तकनीकी बाधा न आए, इसके लिए महापौर श्री विक्रम अहके द्वारा कन्हरगांव जलाशय में 200 केवी का नया ट्रांसफार्मर तत्काल स्थापित करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं।

इसके साथ ही महापौर की पहल पर निगम के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों में भी पेयजल संकट से राहत देने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के बंद पड़े समस्त बोरवेलों को तत्काल प्रभाव से सुधार कर जल आपूर्ति हेतु खोल दिया गया है, ताकि सभी नागरिकों को निर्धारित क्षेत्रों में नियत समय पर सुचारू पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

## जिले में अभी तक 83.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 83.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 138.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 27 जून 2026 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 8.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 27 जून 2026 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील अमरवाड़ा में 7.2, चौरई में 4.8, बिछुआ में 7.4, परासिया में 1.1, जुन्नारदेव में 22.8, चांद में 0.2 और उमरेठ में 54.8 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 24, मोहखेड़ में 19, तामिया में 97, अमरवाड़ा में 106.6, चौरई में 49, हर्रई में 80.3, बिछुआ में 29.7, परासिया में 36.6, जुन्नारदेव में 73.4, चांद में 159.6 और उमरेठ में 79.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## आज मन की बात कार्यक्रम सहित अन्य कार्यक्रमों में शामिल होंगें

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू 28 जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम सहित अन्य आयोजनों में भी शामिल होंगे। सांसद श्री साहू सुबह 10:30 बजे जिला अस्पताल छिन्दवाड़ा के गेट नंबर 03 में राष्ट्रीय पल्स पोलियों अभियान का शुभारंभ करेंगे। सुबह 11 बजे गुलाबरा वार्ड नंबर 45 के बूथ अध्यक्ष गयासुद्दीन पाशा के निवास स्थान पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम मे शामिल होंगे। दोपहर 12:15 बजे ग्राम हथलेवा एवं ग्राम मछेरा में विगत दिनों भीषण सड़क हादसे में घायलों से एवं मृतकों के परिजनों से मुलाकात करते हुए शोक संवेदनाएं व्यक्त करेंगे। शाम 5 बजे सिविल लाईन पार्क छिन्दवाड़ा में अक्षय स्मृति साहित्य वाटिका का लोकार्पण करेंगे और जिले के जनसेवकों का सम्मान करेंगे।

## लापता है छिन्दवाड़ा विधायक कमलनाथः शुक्ला

**छिन्दवाड़ा।** छिन्दवाड़ा शहर में बारिश ना होने के कारण पानी को लेकर हाहाकार मचा हुआ है, विधायक होने के नाते उनकी जिम्मेदारी है की छिंदवाड़ा विधानसभा की जनता के बीच पहुंचकर समस्या का समाधान करें, लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री और छिन्दवाड़ा विधायक कमलनाथ को इससे कोई लेना देना नही है, वे सिर्फ दुबई में एशोआराम के साथ बैठकर ट्वीट और बयानों के माध्यम से जिलेवासियों को गुमराह करने का काम कर रहे है। यह कहना है मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला का। मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला ने कहा कि छिन्दवाड़ा की जनता ने बड़ी उम्मीदों और विश्वास के साथ 2023 में कमलनाथ को विधायक बनाया था, लेकिन विधायक बनने के बाद से ही कमलनाथ के कभी कबार ही कुछ चुनिंदा लोगों को दर्शन होते है। मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला ने कहा कि वर्तमान में नियमित बारिश नहीं होने से शहर सहित जिलेभर में पेयजल को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। छिन्दवाड़ा विधायक कमलनाथ की भी जवाबदारी है कि वे जनता के बीच आकर उनकी पेयजल समस्या का निराकरण करें।



# सांसद एवं विधायक ने रखी 100 बिस्तरीय कन्या छात्रावास की आधारशिला

## क्षेत्र की बेटियों को मिली शिक्षा और सुरक्षा की बड़ी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हर्रई

हर्रई के विकास इतिहास में जुडा स्वर्णिम अध्याय, शिक्षा किसी भी समाज की प्रगति का सबसे सशक्त माध्यम होती है और जब शिक्षा का प्रकाश बेटियों तक पहुंचता है तो पूरा समाज विकास की नई ऊंचाइयों को छूता है। इसी सोच को साकार करते हुए हर्रई क्षेत्र में आज एक ऐतिहासिक एवं गौरवशाली क्षण का साक्षी बनने का अवसर प्राप्त हुआ, जब लगभग 7 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले 100 बिस्तरीय अत्याधुनिक कन्या छात्रावास का भूमिपूजन समारोह अत्यंत भव्यता, गरिमा एवं उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू एवं अमरवाड़ा विधायक राजा कमलेश प्रताप शाह ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ भूमि पूजन कर इस महत्वाकांक्षी परियोजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गूंज के साथ जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया तथा क्षेत्र की बेटियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए इस ऐतिहासिक पहल का अभिनंदन किया।

भूमिपूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, मातृशक्ति, छात्राएं, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम स्थल पर उत्सव जैसा वातावरण देखने को मिला। लोगों के चेहरों पर इस बात की खुशी स्पष्ट दिखाई दे रही थी कि अब हर्रई क्षेत्र की बेटियों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए संसाधनों की कमी अथवा आवासीय समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा।

अपने उद्बोधन में सांसद विवेक बंटी साहू ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में बेटियों के सम्मान, सुरक्षा एवं शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। ₹बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ₹ केवल एक अभियान नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का एक सशक्त आंदोलन है, जिसने देशभर में बेटियों के प्रति सोच और दृष्टिकोण को बदलने का कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली प्रतिभाशाली बेटियां अक्सर आवास एवं संसाधनों के अभाव में अपनी शिक्षा बीच में छोड़ने को मजबूर हो जाती हैं, लेकिन अब हर्रई की बेटियों को ऐसी कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ेगा। आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह छात्रावास उनके सपनों को नई उड़ान देगा तथा उन्हें उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए सुरक्षित एवं अनुकूल वातावरण प्रदान करेगा।

सांसद श्री साहू ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार का लक्ष्य केवल भवन निर्माण करना नहीं है, बल्कि ऐसा वातावरण तैयार करना है जहां से शिक्षित, संस्कारित और आत्मनिर्भर बेटियां निकलकर समाज और राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह छात्रावास आने वाले समय में हर्रई क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को नई पहचान दिलाएगा और अनेक बेटियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाएगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक राजा कमलेश प्रताप शाह ने कहा कि हर्रई विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में यह परियोजना मील का पत्थर साबित होगी। छात्रावास बनने के बाद आसपास के लगभग 20 से 25 गांवों की बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए दूरस्थ स्थानों पर नहीं जाना पड़ेगा। इससे न केवल उनकी शिक्षा सुगम होगी बल्कि अभिभावकों की चिंताएं भी कम होंगी।

विधायक श्री शाह ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार के माध्यम से विकास कार्यों को नई गति मिली है। सड़क, स्वास्थ्य, पेयजल, सिंचाई और शिक्षा सहित प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं। हर्रई क्षेत्र में भी लगातार विकास कार्यों की श्रृंखला जारी है और आने वाले समय में क्षेत्रवासियों को अनेक नई सौगातें मिलने वाली हैं।

उन्होंने कहा कि बेटियों को शिक्षित करना केवल परिवार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का दायित्व है। जब एक बेटी शिक्षित होती है तो वह दो परिवारों को शिक्षित और संस्कारित करने का कार्य करती है। इसलिए सरकार द्वारा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए निरंतर योजनाएं संचालित की जा रही हैं।भूमिपूजन समारोह के दौरान उपस्थित जनसमूह ने सांसद विवेक बंटी साहू और विधायक राजा कमलेश प्रताप शाह के विकासोन्मुखी दृष्टिकोण की सराहना की।

# साइबर अपराधों से बचाव का दिया संदेश जुन्नारदेव पुलिस ने छात्राओं को किया जागरूक



**जुन्नारदेव।** मध्यप्रदेश पुलिस के साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत थाना जुन्नारदेव द्वारा शनिवार को श्री नंदलाल सूद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जुन्नारदेव में छात्राओं के लिए साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करना तथा उन्हें डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के उपायों से अवगत कराना था। कार्यक्रम में उप निरीक्षक अंजना मरावी ने छात्राओं को साइबर बुलिंग, साइबर स्टॉकिंग, ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग एवं डिजिटल सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया का गलत उपयोग न केवल व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है, बल्कि आर्थिक और मानसिक नुकसान का कारण भी बन सकता है। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि किसी भी अनजान व्यक्ति से ऑनलाइन मित्रता करने, ओटीपी, बैंक खाते की जानकारी या निजी फोटो एवं दस्तावेज साझा करने से बचें तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें। कार्यक्रम के दौरान साइबर फ्रॉड से संबंधित एक शॉर्ट फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया, जिसमें ऑनलाइन ठगी के विभिन्न तरीकों और उनसे बचाव के उपायों को प्रभावी ढंग से दर्शाया गया। फिल्म के माध्यम से छात्राओं को यह समझाया गया कि थोड़ी-सी सतर्कता उन्हें बड़े साइबर अपराधों का शिकार बनने से बचा सकती है। आरक्षक पं.राम अवतार तिवारी एवं महिला आरक्षक पूर्णिमा वर्मा ने भी छात्राओं से संवाद करते हुए उन्हें मजबूत पासवर्ड बनाने, सोशल मीडिया की प्राइवेसी सेटिंग्स का सही उपयोग करने, अज्ञात लिंक पर क्लिक न करने तथा किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क करने की सलाह दी। ऑफलाइन आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम में विद्यालय की लगभग 50 से 60 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने साइबर सुरक्षा से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका पुलिस अधिकारियों ने सरल और व्यावहारिक तरीके से समाधान किया। थाना जुन्नारदेव पुलिस ने बताया कि साइबर अपराधों के प्रति आमजन, विशेषकर विद्यार्थियों और महिलाओं को जागरूक करने के लिए ऐसे कार्यक्रम आगे भी निरंतर आयोजित किए जाएंगे, ताकि समाज में डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके और साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

# यौमे आशूरा पर निकला जुलूस, हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल बना मोहर्रम





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

सिंगोड़ी में यौमे आशूरा पर 10 मोहर्रम का जुलूस धार्मिक सौहार्द और भाईचारे के साथ निकाला गया। सिंगोड़ी का मोहर्रम हिंदू-मुस्लिम एकता का प्रतीक बना, जहां हिंदू भाइयों ने जुलूस का जगह-जगह स्वागत किया।

4:30 बजे कर्बला चौक से निकला जुलूस सदर अंजुमन कमेटी के शाहिद अंसारी ने बताया कि यौमे आशूरा का जुलूस शाम करीब 4:30 बजे कर्बला चौक से शुरू हुआ। जुलूस बस स्टैंड होते हुए जैन मोहल्ला पहुंचा और वापस कर्बला चौक आकर संपन्न हुआ। कर्बला चौक में पारंपरिक अखाड़े का प्रदर्शन किया गया।

आसपास के गांवों से पहुंचे ताजिये जुलूस में पिडरई, डविर, खकरा, चौरई, खामी, हिरा, राजाखो, ढाना, बड़े गांव सहित आसपास के कई गांवों से ताजिये शामिल होने पहुंचे। 'लब्बैक या हुसैन' के नारों से पूरा माहौल गूंज उठा। हिंदू भाइयों ने किया भव्य स्वागत जुलूस के दौरान हिंदू भाइयों की ओर से मुस्लिम बंधुओं का श्रीफल और गमछा देकर भव्य स्वागत किया गया।

जैन मोहल्ले में पटेल परिवार की ओर से पानी का इंतजाम और सोनी परिवार की ओर से चाय की व्यवस्था की गई। अखाड़े की समाप्ति के बाद प्रोग्राम में पहुंचे समस्त हिंदू भाइयों का अंजुमन कमेटी एवं त्योहार कमेटी ने गमछा ओढ़ाकर सम्मान किया।

10 दिन चला लंगर, रात में कव्वाली 1 से 10 मोहर्रम तक मस्जिद एवं बस स्टैंड पर पूरे दिन लंगर का आयोजन किया गया। रात्रि में कव्वाली के प्रोग्राम के बाद ताजियों को कर्बला के लिए ले जाया गया। प्रशासन का जताया आभार अंजुमन कमेटी और त्योहार कमेटी ने शासन-प्रशासन का आभार व्यक्त किया। कमेटी ने कहा कि पुलिस और प्रशासन के सहयोग से पूरे 10 दिन का पर्व शांति और सौहार्द के साथ संपन्न हुआ।

# किसानों को वितरित किए निःशुल्क अरहर बीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

शासन की योजनांतर्गत ग्राम पंचायत बीजेपानी में कार्यक्रम का आयोजन कर क्षेत्र के किसानों को अरहर के बीच का निःशुल्क वितरण किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों ने किसानों एवं आमजनों को भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उससे होने वाले लाभ के बारे में बताया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि दिनेशकांत मालवीय, मंडल अध्यक्ष रमाकांत पटेल, जनपद सदस्य सुशील गोलू चौधरी, मंडल उपाध्यक्ष बलवान चौरिया, सरपंच अनिल साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता मनोहर शिवहरे, रामभरोस साहू, लेखचंद साहू, कृषि विभाग के अधिकारी सी.एल. अवस्थी, संजय नरवरे, बलवान सिंह वरवड़े, अशोक कुमार डोंगरे, सचिव अंगद सिंह चौरे, रोजगार सहायक अनिल चौरे सहित बड़ी संख्या में किसान एवं आमजन उपस्थित थे।



# सांसद बंटी विवेक साहू ने दी श्रद्धांजलि



**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने हर्रई प्रवास के दौरान ग्राम सोनपुर जागीर में साहू के निवास स्थान पहुंचकर शिकारीलाल साहू के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए पुष्पांजली अर्पित करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने परिवारजनों से मुलाकात करते हुए उन्हें ढांढस बंधाया वहीं हर्रई के ग्राम बिछुआ में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सीताराम डेहरिया के निवास स्थान पहुंचकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस दौरान विधायक राजा कमलेश शाह, पूर्व जिला महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी, मंडल के अध्यक्षगण सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और परिवारजन उपस्थित थे।

# कोचेवाही में सुपर सीडर से डीएसआर बोनी, आधुनिक तकनीक अपनाने को लेकर किसानों में बढ़ा उत्साह

**बालाघाट।** बालाघाट जिले के लांजी विकासखंड के टेमनी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोचेवाही में किसानों ने आधुनिक कृषि यंत्र सुपर सीडर के माध्यम से डीएसआर (डायरेक्ट सीडेड राइस) पद्धति से धान की बोनी कर आधुनिक खेती की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। इस तकनीक को अपनाने से क्षेत्र के किसानों में उत्साह का माहौल है और अन्य किसान भी इससे प्रेरित हो रहे हैं।

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार सुपर सीडर तकनीक से बिना अधिक जुताई के सीधे बुवाई की जा सकती है। इससे समय, श्रम और उत्पादन लागत में कमी आती है, वहीं एक ही प्रक्रिया में बीज एवं उर्वरक का उपयोग होने से कार्य अधिक तेज और प्रभावी बनता है। खेत में मौजूद फसल अवशेष मिट्टी में मिल जाने से भूमि की उर्वरता एवं जैविक कार्बन भी बढ़ता है, जिससे पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है।

ग्राम कोचेवाही की कृषक श्रीमती अदिति घोरमारे एवं श्री सुखराम भागदड़ र ने बताया कि पारंपरिक पद्धति की अपेक्षा सुपर सीडर से बोनी करना अधिक सुविधाजनक और किफायती है। किसानों को उम्मीद है कि इस तकनीक से फसल की बेहतर वृद्धि होगी तथा उत्पादन में भी वृद्धि देखने को मिलेगी।

इस अवसर पर ग्राम कोचेवाही निवासी एवं कृषि विभाग किरनापुर में पदस्थ कृषि अधिकारी श्री गांधी घोरमारे ने किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि बदलते कृषि परिदृश्य में नई तकनीकों को अपनाना समय की आवश्यकता है। इससे खेती अधिक लाभकारी बनने के साथ-साथ प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण भी संभव है।

# कटंगी में आप की अति आवश्यक बैठक संपन्न

## विस, मंडल, ग्राम समिति गठन पर मंथन प्रदेश सह प्रभारी की मौजूदगी में बनी रणनीति



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** आम आदमी पार्टी की कटंगी विधानसभा स्तरीय अति आवश्यक बैठक कटंगी के आंबेडकर भवन में संपन्न हुई। इस बैठक में प्रदेश सह प्रभारी एवं छिंदवाड़ा जोन प्रभारी संतोष पप्पू छिंलवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में पार्टी की नीति-रीति और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी गई, साथ ही विधानसभा, मंडल और ग्राम स्तरीय कमेटियों के गठन पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में स्टेट कॉर्डिनेटर रजनीश नायडू, प्रदेश उपाध्यक्ष संत कुमार जंघेल फौजी भाई, प्रदेश संगठन मंत्री वीरेन्द्र विश्वकर्मा, पूर्व प्रदेश सचिव प्रशांत मेश्राम, जिला अध्यक्ष शिव जायसवाल, ग्रामीण जिला अध्यक्ष मस्तराम डहारे सहित जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदेश सह प्रभारी संतोष पप्पू छिंलवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी का लक्ष्य कटंगी विधानसभा के हर बूथ तक पहुंचना है। इसके लिए विधानसभा स्तरीय, मंडल स्तरीय कमेटी तथा सभी विंगों सहित स्थानीय ग्राम समिति का गठन जल्द पूरा किया जाएगा। उन्होंने सभी जांबाज कार्यकर्ताओं से संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की अपील की। स्टेट कॉर्डिनेटर रजनीश नायडू ने पार्टी की नीतियों पर प्रकाश डाला। प्रदेश उपाध्यक्ष संत कुमार जंघेल ने कहा कि दिल्ली और पंजाब मॉडल को जनता के सामने रखकर हम मध्यप्रदेश में भी शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी के मुद्दों पर चुनाव लड़ेंगे। बैठक में आगामी जनसंपर्क अभियान और सदस्यता अभियान की रूपरेखा भी तय की गई। जिला अध्यक्ष शिव जायसवाल ने कहा, कटंगी विधानसभा में आप का जनाधार तेजी से बढ़ रहा है। आज की बैठक में सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। जल्द ही हर ग्राम पंचायत में ग्राम समिति बनाकर युवाओं और महिलाओं को जोड़ा जाएगा। ग्रामीण जिला अध्यक्ष मस्तराम डहारे ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया।

# नाजिया इलाही के बयान पर बवाल, मुस्लिम समाज ने थाने में दी शिकायत

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और खुद को सनातनी मुसलमान बताने वाली नाजिया इलाही द्वारा इस्लाम धर्म के अंतिम पैगंबर हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम और उनकी धर्मपत्नी के संबंध में की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर मुस्लिम समाज में भारी आक्रोश है। शुक्रवार को कटंगी में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग थाना पहुंचे और नाजिया इलाही के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए ज्ञापन सौंपा। दोपहर करीब 3 बजे जिला काजी मौलाना हबीब नूरी के नेतृत्व में मुस्लिम समाज का प्रतिनिधिमंडल कटंगी थाना पहुंचा। इसमें भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला और ब्लॉक पदाधिकारियों के साथ मुस्लिम संगठन के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल थे। सभी ने एक स्वर में नाजिया इलाही के बयान की कड़ी निंदा की और तत्काल कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि नाजिया इलाही ने सोशल मीडिया और एक टीवी डिबेट के दौरान पैगंबर साहब और उनकी पत्नी के बारे में आपत्तिजनक, अपमानजनक और तथ्यहीन बातें कही हैं। इससे दुनिया भर के करोड़ों मुसलमानों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। इस्लाम में पैगंबर की शान में गुस्ताखी सबसे बड़ा अपराध माना जाता है। ज्ञापन सौंपने के बाद मौलाना हबीब नूरी ने हमसे चर्चा करते हुए कहा कि पैगंबर के खिलाफ आपत्तिजनक बातें बोलने वाली इस महिला को सत्ता सरकार और प्रशासन का संरक्षण प्राप्त है। तभी इतने गंभीर मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं नाजिया इलाही के कथित बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद से ही मुस्लिम समाज में गुस्सा है। अब तक कई उलेमाओं ने बयान की निंदा करते हुए इसे जानबूझकर नफरत फैलाने की साजिश बताया है। वह अक्सर टीवी डिबेट में बीजेपी का पक्ष रखती हैं। इससे पहले भी उनके कुछ बयानों पर विवाद हो चुका है।

# 10 वर्षों की उत्कृष्ट सेवाओं के बाद खुदीराम सनोडिया को भावभीनी विदाई



## कृषि विभाग लांजी में आयोजित विदाई समारोह में कर्मचारियों ने किया सम्मान, उज्ज्वल भविष्य की दी शुभकामनाएं

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी। कृषि विभाग लांजी में शनिवार को एक भावनात्मक और गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें अनुविभागीय कृषि अधिकारी खुदीराम सनोडिया एवं कृषि विस्तार अधिकारी कुमारी इंदु उइके को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। दोनों अधिकारियों के स्थानांतरण के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति ने समारोह को विशेष बना दिया। जानकारी के अनुसार, अनुविभागीय कृषि अधिकारी लांजी खुदीराम सनोडिया का स्थानांतरण कार्यालय सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला छिंदवाड़ा में किया गया है। वहीं कृषि विस्तार अधिकारी कुमारी इंदु उइके का स्थानांतरण कार्यालय वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी, विकासखंड नैनपुर, जिला मंडला में हुआ है।

खुदीराम सनोडिया ने लांजी में लगभग 10 वर्षों तक अपनी सेवाएं दीं। इस दौरान उन्होंने कृषि विभाग को नई दिशा देने के साथ कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। उनके कार्यकाल में विभाग द्वारा किसानों के हित में अनेक योजनाओं का सफल संचालन किया गया, जिससे क्षेत्र के कृषकों को सीधा लाभ मिला। किसानों तक नवीन तकनीकों, उन्नत कृषि पद्धतियों एवं शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने में उनकी भूमिका सराहनीय रही।

विदाई समारोह के दौरान वक्ताओं ने श्री सनोडिया के सरल स्वभाव, कार्यकुशलता एवं नेतृत्व क्षमता की खुलकर प्रशंसा की। कर्मचारियों ने कहा कि उनके मार्गदर्शन में विभाग ने नए-नए आयाम स्थापित किए और कृषि विकास को नई गति मिली। वहीं कुमारी इंदु उइके की कार्यनिष्ठा एवं समर्पण को भी सभी ने सराहा। समारोह के अंत में दोनों अधिकारियों को स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं नई जिम्मेदारियों में सफलता की कामना की। विदाई के इस अवसर पर माहौल भावुक नजर आया, जहां सहकर्मियों ने शुभकामनाओं के साथ दोनों अधिकारियों को नई जिम्मेदारियों के लिए विदा किया।

# कोचेवाही में सुपर सीडर से डीएसआर बोनी, आधुनिक तकनीक से किसानों में बढ़ा उत्साह

## बिना जुताई के सीधी बुवाई से बचेगा समय-लागत, मिट्टी की उर्वरता में भी होगा सुधार; कृषि अधिकारी बोले- 'नई तकनीक समय की जरूरत'



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** बालाघाट जिले के लांजी विकासखंड के टेमनी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोचेवाही में किसानों ने आधुनिक कृषि यंत्र सुपर सीडर के माध्यम से डीएसआर (डायरेक्ट सीडेड राइस) पद्धति से धान की बोनी कर आधुनिक खेती की दिशा में अहम कदम बढ़ाया है। इस तकनीक को अपनाने से क्षेत्र के किसानों में उत्साह है और अन्य किसान भी प्रेरित हो रहे हैं।

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार सुपर सीडर तकनीक से बिना अधिक जुताई के सीधे बुवाई की जा सकती है। इससे समय, श्रम और उत्पादन लागत घटती है। एक ही प्रक्रिया में बीज एवं उर्वरक का उपयोग होने से काम तेज और प्रभावी होता है। खेत में मौजूद फसल अवशेष मिट्टी में मिल जाने से भूमि की उर्वरता व जैविक कार्बन बढ़ता है, जिससे पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है।

ग्राम कोचेवाही की कृषक श्रीमती अदिति घोरमारे एवं सुखराम भागदड़ र ने बताया कि पारंपरिक पद्धति की तुलना में सुपर सीडर से बोनी करना अधिक सुविधाजनक और किफायती है। किसानों को उम्मीद है कि इस तकनीक से फसल की बेहतर वृद्धि होगी और उत्पादन भी बढ़ेगा।

ग्राम कोचेवाही में सुपर सीडर से डीएसआर पद्धति के तहत श्रीमती अदिति (पिता नंदराम वाकड़े) ने 0.600 हेक्टेयर, श्रीमती सुशीला (पिता नान्हू) ने 0.182 हेक्टेयर तथा श्री कुंवरलाल (पिता देऊजी) ने 0.121 हेक्टेयर क्षेत्र में धान की बोनी की है। इस अवसर पर ग्राम कोचेवाही निवासी एवं कृषि विभाग किरनापुर में पदस्थ कृषि अधिकारी श्री गांधी घोरमारे ने किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बदलते कृषि परिदृश्य में नई तकनीकों को अपनाना समय की आवश्यकता है। इससे खेती लाभकारी होने के साथ प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण भी संभव है।ग्रामीण क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों के बढ़ते उपयोग को कृषि क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव माना जा रहा है। कृषि विभाग को उम्मीद है कि आने वाले समय में अधिक किसान सुपर सीडर एवं डीएसआर जैसी उन्नत तकनीकों को अपनाकर कम लागत में अधिक उत्पादन लेंगे।

# करो योग, रहो निरोग - न्यायाधीश



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 15 जून से 21 जून तक मध्यप्रदेश की सम्पूर्ण जेलों में एक सप्ताह का राज्य व्यापी योग अभियान के अंतर्गत उपजेल वारा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की मुख्य थीम ₹स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग₹ को ध्यान में रखते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बालाघाट प्राणेश कुमार प्राण के निर्देशानुसार तहसील विधिक सेवा समिति वारासिवनी के तत्वाधान में व्यवहार न्यायाधीश श्रीमती नेहा बाथरी द्वारा विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।सर्वप्रथम वरिष्ठ नागरिक मंच द्वारा समस्त बंदियों को आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित ₹कॉमन योग प्रोटोकॉल₹ का पालन करते हुए योगाभ्यास, प्राणायाम एवं ध्यान करवाया गया। तत्पश्चात वरिष्ठ नागरिक मंच के प्रदेश अध्यक्ष प्रणय श्रीवास्तव द्वारा दैनिक जीवन में योग के अर्थ एवं महत्व को स्पष्ट करते हुए बताया कि स्वस्थ्य जीवन, निरोगी जीवन जीने की साधना को योग बताया, जिसमें जीव एवं आत्मा के योग, आत्मा से परमात्मा के योग भौतिक जगत से सूक्ष्म जगत एवं लौकिक से अलौकिक की ओर मानवीय चेतना प्रस्थान कर अंत में मोक्ष भी प्राप्त करती है। उपस्थित बंदियों को ₹करो योग, रहो निरोग₹ के सिद्धांत को अपनाने हेतु प्रेरित किया गया। तत्पश्चात वरिष्ठ नागरिक मंच के योग शिक्षक गणेश चुरहे द्वारा प्रोटोकॉल अनुसार समस्त बंदियों एवं उपस्थित जेल स्टाफ को योग अभ्यास करवाया गया।

**खबर संक्षेप**



## कुक कम हेल्परों की प्रतिभा निखारने कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**विजेताओं को मिले नकद पुरस्कार, स्वादिष्ट एवं पौष्टिक मध्याह्न भोजन को मिलेगा बढ़ावा**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत लखनादौन विकासखंड मुख्यालय स्थित उत्कृष्ट विद्यालय में कुक कम हेल्परों के लिए कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य मध्याह्न भोजन को अधिक स्वादिष्ट, पौष्टिक एवं स्वच्छ बनाने के साथ-साथ कुक कम हेल्परों को अपनी रचनात्मकता और नवाचार प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना था।
जिला पंचायत सिवनी के निर्देशानुसार आयोजित प्रतियोगिता में लखनादौन जनपद क्षेत्र की योजना अंतर्गत कार्यरत 42 कुक कम हेल्परों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने स्थानीय अनाज, दालों, हरी सब्जियों, मिलेट्स एवं पारंपरिक व्यंजनों पर आधारित आकर्षक और पौष्टिक व्यंजन तैयार किए। प्रतियोगिता का उद्देश्य ऐसे व्यंजनों की पहचान करना भी था, जिन्हें भविष्य में विद्यार्थियों की पसंद के अनुरूप मध्याह्न भोजन के मेन्यू में शामिल किया जा सके।

## कान्हीवाड़ा के उपयंत्री की मनमानी से परेशान क्षेत्रवासी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण केंद्र कान्हीवाड़ा के उपयंत्री गोपाल सिंह उइके की मनमानी कार्यशैली आजकल कान्हीवाड़ा औऱ उसके आसपास के ग्रामों के रहवासियों के लिए बड़ी परेशानी का सबब बना हुआ है क्योंकि उपयंत्री साहब आसमान में थोड़े से बादल दिख जाएं या हलकी सी तेज हवा चल जाए तो वह तत्काल विद्युत का प्रवाह अवरूध्द करने से अपने आपको रोक नही पाते और दुर्भाग्य से कंही तेज हवा पानी आ जाये तो छह से आठ घण्टे के लिए उमस भरी गर्मी से तरबतर व अंधकारमय वातावरण में समय बिताने के लिए लोंगो को मजबूर कर देते हैं। बिजली सप्लाई बंद होने का कारण अगर इनसे पूछा जाए तो हर बार इनका औऱ इनके मातहत कर्मचारियों का रटा रटाया जवाब होता है कि सिवनी से सप्लाई बंद है हम क्या कर सकते हैं।

## बिरसा मुंडा बलिदान दिवस पर विचार संगोष्ठी सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भगवान बिरसा मुंडा एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित कर शिक्षा, संगठन और सामाजिक जागरूकता का दिया संदेश
सिवनी। धरती आबा अमर शहीद भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान दिवस के अवसर पर म.प्र. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (अजाक्स) जिला इकाई सिवनी द्वारा लूघरवाड़ा स्थित द ग्रैंड राजवाड़ा लॉन में 'भारत की सामाजिक एवं आर्थिक प्रगति में महापुरुषों का योगदान' विषय पर एक दिवसीय विचार संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया।

# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों की बैठक संपन्न, कलेक्टर ने दिए विस्तृत निर्देश



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 01 जुलाई को प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शनिवार को कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने संबंधित विभागों के अधिकारियों की विस्तृत बैठक लेकर कार्यक्रम की तैयारियों की विभागवार समीक्षा की।
बैठक में कलेक्टर ने कार्यक्रम के प्रत्येक चरण की बिंदुवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों के समयबद्ध एवं प्रभावी निर्वहन के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम के अंतर्गत होने वाले विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन, विभागीय विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी, हितग्राहियों को हितलाभ वितरण, मंच संचालन, बैठक व्यवस्था, वाहन पार्किंग, यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, साफ-सफाई, चिकित्सा सुविधा, अग्निशमन व्यवस्था तथा वीआईपी प्रोटोकॉल सहित सभी व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की।
कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समय-सीमा में तैयारियां पूर्ण करें। उन्होंने प्रत्येक विभाग को अपने-अपने दायित्वों की नियमित मॉनिटरिंग करने, स्थल का बार-बार निरीक्षण करने तथा किसी भी प्रकार की कमी न रहने देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का प्रस्तावित कार्यक्रम जिले के लिए महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी अधिकारी गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें और कार्यक्रम का गरिमामय, सुव्यवस्थित एवं सफल आयोजन सुनिश्चित करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह, अपर कलेक्टर श्री सी.एल. चनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री दीपक मिश्रा, एसडीएम श्रीमती पूर्वी तिवारी सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री डॉ यादव के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का कलेक्टर ने लिया जायजा



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 01 जुलाई को प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में शनिवार को कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने कार्यक्रम स्थल पॉलिटेक्निक ग्राउंड एवं हेलीपैड स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।
निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मंच, बैठक व्यवस्था, पार्किंग, पेयजल, विद्युत, सुरक्षा, साफ-सफाई, यातायात तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी तैयारियां समयसीमा में पूर्ण करने तथा प्रत्येक व्यवस्था को सुव्यवस्थित एवं त्रुटिरहित रखने के निर्देश दिए।
कलेक्टर श्रीमती मीना ने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा प्रत्येक व्यवस्था का सूक्ष्मता से परीक्षण सुनिश्चित करें, ताकि कार्यक्रम का सफल एवं व्यवस्थित आयोजन हो सके। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह, अपर कलेक्टर श्री सी.एल. चनाप, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री दीपक मिश्रा, एसडीएम श्रीमती पूर्वी तिवारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## वन अधिकार दावों के पुनः परीक्षण के लिए जिले में 1 जुलाई से 31 अक्टूबर तक चलेगा विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत लंबित, निरस्त एवं नवीन प्राप्त व्यक्तिगत (ढ्ढस्नक्र) तथा सामुदायिक (ष्टस्नक्र) वन अधिकार दावों के पुनः परीक्षण एवं निराकरण के लिए जिले में 1 जुलाई से 31 अक्टूबर 2026 तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान के प्रभावी संचालन के लिए कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।
अभियान के दौरान व्यक्तिगत एवं सामुदायिक वन अधिकार दावों का नियमानुसार शत-प्रतिशत परीक्षण एवं निराकरण किया जाएगा। साथ ही अभियान अवधि में प्राप्त होने वाले नए दावों को भी स्वीकार कर उनका परीक्षण किया जाएगा। व्यक्तिगत एवं सामुदायिक वन अधिकार दावों का निराकरण रूक्कस्नक्र पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा, जबकि सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन (ष्टस्नक्रक्र) से संबंधित दावों का निराकरण ऑफलाइन प्रक्रिया के तहत किया जाएगा। अभियान के तहत ग्राम वन अधिकार समितियों द्वारा 1 से 9 जुलाई तक दावों का परीक्षण किया जाएगा। इसके बाद 10 से 25 जुलाई तक स्थल निरीक्षण कर नक्शे तैयार किए जाएंगे तथा उन्हें पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। 26 जुलाई से 6 अगस्त तक ग्राम सभाओं में प्रस्ताव पारित कर दावे उपखंड स्तरीय समिति को भेजे जाएंगे। 6 अगस्त से 6 सितंबर तक उपखंड स्तरीय समितियों द्वारा दावों का परीक्षण कर अनुशंसा सहित प्रकरण जिला स्तरीय समिति को भेजे जाएंगे।
इसके पश्चात 7 सितंबर से 7 अक्टूबर तक जिला स्तरीय समिति द्वारा दावों का अंतिम परीक्षण एवं निराकरण किया जाएगा। स्वीकृत दावों के वन अधिकार पत्र तैयार कर पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे तथा अपात्र पाए गए मामलों में नियमानुसार कारण सहित सूचना जारी की जाएगी। अंत में 8 से 31 अक्टूबर तक जारी वन अधिकार पत्रों का वन एवं राजस्व अभिलेखों में दर्जीकरण कर हितग्राहियों को अभिलेख उपलब्ध कराए जाएंगे।

## डी. पी. चतुर्वेदी विज्ञान, वाणिज्य, कला एवं शिक्षा महाविद्यालय में साइबर क्राइम जागरूकता कार्यशाला का सफल आयोजन



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस मुख्यालय, मध्यप्रदेश, भोपाल के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक श्री कृष्ण लालचंदानी के मार्गदर्शन में संचालित सेफ क्लिक 2.0 साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत पुलिस थाना अजाक, सिवनी द्वारा डी. पी. चतुर्वेदी विज्ञान, वाणिज्य, कला एवं शिक्षा महाविद्यालय सिवनी में साइबर क्राइम जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यशाला में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा, थाना प्रभारी अजाक निरीक्षक श्रीमती अनंती मर्सकोले, निरीक्षक ओमेश्वर ठाकरे, सउनि, देवेन्द्र जायसवाल तथा थाना अजाक पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे।
कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अमिता चतुर्वेदी के स्वागत उद्बोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा की जानकारी प्रत्येक नागरिक, विशेषकर विद्यार्थियों के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने साइबर धोखाधड़ी की किसी भी घटना की स्थिति में तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराने तथा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत करने के लिए विद्यार्थियों को जागरूक किया।
संस्था के चेयरमैन डॉ. के. के. चतुर्वेदी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें, मोबाइल एवं इंटरनेट का उपयोग पूरी सावधानी से करें तथा अपनी व्यक्तिगत, बैंकिंग अथवा अन्य गोपनीय जानकारी किसी भी व्यक्ति के साथ साझा न करें। उन्होंने विशेष रूप से ओटीपी, पासवर्ड एवं बैंक संबंधी जानकारी किसी को भी न बताने की सलाह दी।
मुख्य यक्ता अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा ने सेफ क्लिक 2.0 अभियान के उद्देश्य एवं साइबर अपराधों की वर्तमान चुनौतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, फर्जी वेबसाइट, सोशल मीडिया फ्रॉड, डिजिटल भुगतान से जुड़े अपराध, साइबर ब्लैकमेलिंग तथा विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन अपराधों से बचाव के व्यावहारिक उपाय बताए। उन्होंने कहा कि जागरूकता, सतर्कता एवं डिजिटल अनुशासन ही साइबर अपराधों से सुरक्षा का सबसे प्रभावी माध्यम है। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को मजबूत पासवर्ड का उपयोग करने, टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन अपनाने, संदिग्ध लिंक एवं मोबाइल एप्लिकेशन से बचने, सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने तथा किसी भी साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तत्काल पुलिस एवं साइबर हेल्पलाइन से संपर्क करने की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों ने साइबर सुरक्षा के नियमों का पालन करने तथा समाज में डिजिटल सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। महाविद्यालय परिवार ने पुलिस विभाग का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### नशे के खिलाफ कोतवाली पुलिस का बड़ा प्रहार

## शहर में देर रात चली रेड: 57 लीटर अवैध शराब जप्त, 12 आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के नेतृत्व में नशा एवं अवैध गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं एसडीओपी सचिन परते के मार्गदर्शन में देर रात शहर के विभिन्न स्थानों पर अवैध शराब विक्रय के विरुद्ध सघन रेड कार्रवाई की गई।
थाना कोतवाली टीम द्वारा कचहरी चौक, दलसागर तालाब के पास, पॉलीटेक्निक कॉलेज के पीछे, लड़इया मोहल्ला तिराहा विवेकानंद वार्ड सहित प्रमुख स्थानों पर दबिश देकर अवैध रूप से शराब विक्रय कर रहे कुल 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई के दौरान 57.560 लीटर अवैध शराब कीमत लगभग 6700 रुपये जप्त की गई।
गिरफ्तार आरोपी 1. आदर्श पिता पुरुषोत्तम ब्रह्मवंशी, उम्र 22 वर्ष, निवासी लड़इया मोहल्ला सिवनी 2. भारत पुसाम पिता बुंदलसिंह पुसाम, उम्र 44 वर्ष, निवासी ग्राम सेलवा, डूंडासिवनी 3. अनिल धुर्वे पिता मोहन धुर्वे, उम्र 34 वर्ष, निवासी ग्राम टिकारी (आमागढ़), थाना अरी 4. सुनील डहेरिया पिता चतरू डहेरिया, उम्र 30 वर्ष, निवासी सूफीनगर, गांधी वार्ड सिवनी 5. अब्दुल वहीद खान पिता अ. मन्नान खान, उम्र 48 वर्ष, निवासी घसियारी मोहल्ला, शहीद वार्ड सिवनी 6. विजय बघेल पिता कंचनसिंह बघेल, उम्र 38 वर्ष, निवासी सीवी रमन वार्ड सिवनी 7. मो. सादिक खान पिता मो. युनुस खान, उम्र 32 वर्ष, निवासी बड़ी मिशन स्कूल के पीछे, क्यूटी वार्ड सिवनी
8. आशिफ खान पिता अजीजो रहमान खान, उम्र 37 वर्ष, निवासी गांधी वार्ड रजा मस्जिद के पास सिवनी 9. स्मित पिता प्रतीश तिवारी, उम्र 34 वर्ष, निवासी गणेश चौक, बरघाट रोड सिवनी 10. ललित पिता भीमसिंह शेण्डे, उम्र 42 वर्ष, निवासी पांड्या कॉलोनी, बींझावाड़ा, जिला सिवनी 11. राहुल सनोडिया पिता राधेश्याम सनोडिया, उम्र 26 वर्ष, निवासी गुंदरई, थाना लखनवाड़ा, जिला सिवनी 12. मोनू मानाठाकुर पिता राम मानाठाकुर, उम्र 27 वर्ष, निवासी गंज वार्ड सिवनी
सभी 12 आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## लोकतंत्र सेनानी ख्यालसिंह भैरम का हुआ सम्मान



**उगली (केवलारी): भाजपा मंडल उगली के समस्त पदाधिकारियों द्वारा ग्राम सोनखार निवासी लोकतंत्र सेनानी एवं आपातकाल में मीसा बंदी रहे श्री ख्यालसिंह भैरम जी के निज निवास पहुंचकर उनका भावपूर्ण सम्मान किया गया।**
आपातकाल के समय उस दौर में लोकतंत्र की रक्षा हेतु जेल की यातनाएं सहने वाले श्री भैरम जी के अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति एवं त्याग को नमन करते हुए मंडल अध्यक्ष विजय चौधरी सहित सभी पदाधिकारियों ने तिलक लगाकर, शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। मंडल अध्यक्ष विजय चौधरी ने कहा की भाजपा परिवार ऐसे लोकतंत्र सेनानियों के बलिदान का सदैव ऋणी रहेगा। उनकी संघर्ष गाथा हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत और अविस्मरणीय है।
इस दौरान पूर्व से. सह.समिति उगली के अध्यक्ष श हरीश बिसेन, मंडल अध्यक्ष विजय चौधरी, मंडल उपाध्यक्ष बसंत देशमुख, मंडल उपाध्यक्ष विष्णु श्रीवस्त्री, मंडल महामंत्री तीरर्थ ठाकरे, मंडल मंत्री घनश्याम ठाकरे, मंडल आईटी सेल प्रभारी तोमेश्वर रंगहडाले, बूथअध्यक्ष उमेद परते, रामकुमार बिसेन व शक्ति केंद्र से संयोजक श्री शंकर गोस्वामी, युवा मोर्चा मनीष साहू उपस्थित रहे।
इनका कहना है, समाज सेवी हरीश बिसेन जैसा की हमारे सोनखार निवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्रीमान खयालसिंह भैरम का हमारे भारत देश की आजादी में बतौर मीशाबंदी के समय लगभग नव माह जेल में बीता है, किन यात्नायें सहे हैं, और गत दिवस भारतीय जंता पार्टी के सभी मंडल के पदाधिकारियों के साथ आपसे सामुहिक भेंट कर सम्मान स्वरुप स्मृती चिन्ह प्रदान किये. और आने वाले समय में उगली में एक बडा कार्यक्रम आयोजित कर अपने क्षेत्र के ऐसे Jagannath का सम्मान निकट भविष्य में किया जायेगा.
जो वयोवृद्ध 78 वर्षीय आपात कल के समय छिंदवाड़ा जेल में नव माह की यात्ना भोगकर देश के लिये अदम शाहस और भारत की आजादी के लिये भारत के लोकतंत्र को बचाने के अपनी महत्वपूर्ण भूमीका निभाई है.

## अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के स्थापना दिवस पर रुद्रावतार हनुमान मंदिर में विशाल भंडारा संपन्न

### हनुमान चालीसा पाठ, आरती एवं भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु हुए शामिल





**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के आठवें स्थापना दिवस महोत्सव के अवसर पर शुक्रवार शाम जिला अस्पताल के सामने स्थित रुद्रावतार हनुमान मंदिर में भक्ति एवं श्रद्धा का माहौल देखने को मिला।
इस अवसर पर हनुमान चालीसा पाठ, महाआरती एवं भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के कार्यकारी जिला अध्यक्ष रोहित सक्सेना ने जानकारी देते हुए बताया कि संगठन का स्थापना दिवस जिलेभर में विभिन्न सेवा एवं धार्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत विभिन्न मंदिरों, अनाथ आश्रमों, वृद्धाश्रमों, जिला चिकित्सालय, सुधार गृह तथा गरीब बस्तियों में भोजन एवं फल वितरण के साथ-साथ हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जा रहा है।
उन्होंने बताया कि इन कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को हिन्दू धर्म की आस्था एवं विश्वास से जोडक़र एकजुट करना तथा हिन्दू समाज एवं संगठन को मजबूत बनाना है। इसी क्रम में रुद्रावतार हनुमान मंदिर में आयोजित भक्ति संध्या में श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया तथा महाआरती में शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित किया।
कार्यक्रम के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर संगठन के कार्यकारी जिला अध्यक्ष रोहित सक्सेना एवं जिला मीडिया प्रभारी शरद दुबे, जिला सह मीडिया प्रभारी राकेश मालवीय, नगर अध्यक्ष शुभम बघेल, योगेश सोनी, मंदिर के पुजारी अर्जुन पण्डा एवं मंदिर समिति के बलराम बंजारा,रविशंकर निर्मलकर,विकास निगुडक़र का विशेष सहयोग रहा। भंडारा कार्यक्रम कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### प्राइवेट बस स्टैंड के बुरे हाल

## यात्री प्रतीक्षालय से पंखे गायब नालियों की नहीं हो रही सफाई







**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्राइवेट बस स्टैंड जो कि जिला मुख्यालय में स्थित है पूर्व कलेक्टर मोहम्मद सुलेमान एवंपूर्व मंत्री ठाकुर हरबंस सिंह के कार्यकाल में निर्मित किया गया यह बस स्टैंड इन दोनों दुर्दशा का शिकार है देखने में आया कि यहां पर यात्री प्रतीक्षालय तो बना हुआ है मगर वहां पर लगे हुए पंखे या तो गायब है या फिर देखरेख के अभाव में अस्त व्यस्त है ना तो इनकी हवा यात्रियों को मिलती है और ना देखने में ही यह सुंदर लगते हैं ऐसी स्थिति में इस बस स्टैंड की देखरेख करने वाला कोई नहीं है कहने को तो इसका दायित्व नगर पालिका को सौपा गया है लेकिन देखने में आ रहा है कि नगर पालिका भी यहां की व्यवस्था सुधारने में रुचि नहीं ले रही है जबकि यहां पर प्रतिदिन सैकड़ो यात्री आना जाना करते हैं इतना ही नहीं यहां पर आए दिन नए-नए विक्षिप्त लोग घूमते हुए दिखते हैं जिनकी सुध लेने के लिए ना तो कोई एनजीओ सामने आ रहा है और ना जिला प्रशासन ध्यान दे रहा है। इतना ही नहीं प्राइवेट बस स्टैंड के पीछे ना तो नाली है और ना ही तभी कचरा उठाया जाता है ऐसी स्थिति में यहां पर कचरे का अंबार लग रहा है इसे देखने के बाद यहां से आने-जाने वाले यात्री शिवानी के प्रति क्या आशा लेकर जाते होंगे यह बताने की आवश्यकता नहीं है। बस स्टैंड परिसर में लगभग 100 से अधिक फलों की दुकान है जिनके माध्यम से लोग रोजगार तो चलते हैं लेकिन इन फलों के छिलके सडक़ों पर फेंक देते हैं जिसके कारण पूरे बस स्टैंड में गंदगी का अंबार रहता है जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। उम्मीद है की नगरपालिका इस व्यवस्था को दुरुस्त करने में अपना योगदान देगी।

## सडक़ पर गड्ढे और उखड़ी सतह, जबकि निर्माण सामग्री के कथित दुरुपयोग की चर्चा तेज; जिम्मेदारों से मांगा जवाब

**राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर सिवनी से मोहगांव तक सडक़ रखरखाव कार्य को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि सडक़ मरम्मत में उपयोग होने वाला गिट्टियुक्त डामर सडक़ पर पर्याप्त मात्रा में लगाने के बजाय सडक़ किनारे स्थित कुछ ढाबों में बेचा जा रहा है। हालांकि इस संबंध में अभी तक किसी सक्षम प्राधिकारी द्वारा आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि हाईवे के कई हिस्सों में सडक़ को जगह-जगह खुरचकर छोड़ दिया गया है। कई स्थानों पर गड्ढे और ऊंची-नीची सडक़ के कारण वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का आरोप है कि जहां सडक़ की मरम्मत होनी चाहिए, वहां सामग्री का सही उपयोग नहीं हो रहा है।
मामले को लेकर जब संबंधित मेंटेनेंस कंपनी के प्रतिनिधि बिक्रम ठाकुर से फोन पर संपर्क किया गया तो उन्होंने बताता हूं कहकर फोन काट दिया। इसके बाद दोबारा संपर्क नहीं हो सका।
यदि लगाए जा रहे आरोप सही पाए जाते हैं तो यह सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग और सडक़ निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितता का मामला हो सकता है। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और संबंधित विभाग से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

## मोहम्मद साहब पर अभद्र टिप्पणी करने को लेकर मुस्लिम समाज में आक्रोश, सौंपा ज्ञापन

# नाजिया खान पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में मुस्लिम समाज ने नाजिया खान के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। समाज के लोगों ने नाजिया खान पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) लगाने की मांग की है।

शनिवार शाम करीब 5 बजे जिला मुख्यालय और भरवेली थाने पहुंचकर मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने भरवेली थाना प्रभारी भूपेन्द्र पंद्रो को इस संबंध में ज्ञापन सौंपा। शिकायत में कहा गया है कि नाजिया खान के बयानों से मुस्लिम समाज की धार्मिक भावनाएं बुरी तरह आहत हुई हैं। समाज का आरोप है कि नाजिया खान केवल इस्लाम ही नहीं, बल्कि अलग-अलग धर्मों के बारे में गलत बयानबाजी कर देश की शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारे को खत्म करने की साजिश रच रही हैं। इसलिए उनके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। यंग मुस्लिम कमेटी के अध्यक्ष और सामाजिक कार्यकर्ता इमरान खान ने बताया कि नाजिया खान पहले भी कई बार मुसलमानों के खिलाफ जहर उगल चुकी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस बार नाजिया ने इस्लाम के पैगंबर मोहम्मद साहब और उनकी धर्मपत्नी हजरत आयशा सिद्दीका के बारे में बेहद अपमानजनक और शर्मनाक टिप्पणी कर सारी हदें पार कर दी हैं, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इमरान खान ने यह भी अंदेशा जताया कि अब तक नाजिया खान पर कोई एक्शन न होने से ऐसा लगता है कि उन्हें किसी का संरक्षण (सपोर्ट) मिला हुआ है, जिससे वे लगातार देश का माहौल खराब करने की कोशिश कर रही हैं।

पुलिस को शिकायत सौंपते समय सदर रहीम खान, हाफिज रियाज खान, हाजी सईद पाशा, साजिद खान, इमरान हुसैन, फारुख शेख, सैय्यद लियाकत अली, सोहेल खान, मोबीन खान, शहजाद खान, अहफाज खान, राजा खान, अरशद खान, बिट्टू खान, शाहिद खान, वहीद खान, मुन्ना भाई, रानू भाई, शकील बाबा और आशिफ नूरी सहित मुस्लिम समाज के कई अन्य लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।



## खाद, बीज और दवाओं सहित कृषि संबंधी अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



**बालाघाट जिले के धान उत्पादक किसान खाद, बीज और दवाओं सहित कृषि संबंधी अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि से परेशान हैं। इसके साथ ही, खाद के लिए लागू की गई ई-टोकन प्रक्रिया और बारिश की कमी ने उनकी चिंताओं को और बढ़ा दिया है। इन समस्याओं के विरोध में किसानों ने आंदोलन की रणनीति बनाने के लिए शनिवार को कुम्हारी में एक बैठक की।**

किसानों का कहना है कि खाद, बीज, दवाइयां और सोडा जैसे कृषि इनपुट के दाम काफी बढ़ गए हैं। पहले किसानों को सोसाइटी से पट्टी के आधार पर सोडा मिल जाता था, लेकिन अब ई-टोकन प्रणाली लागू कर दी गई है, जिससे उन्हें काफी परेशानी हो रही है। इस चौतरफा मार से किसान सरकार के प्रति नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं। किसान मनोज लिल्हारे ने बताया कि ₹आज किसानों की सरकार ही किसानों को परेशान कर रही है। सरकार किसानों को गुमराह कर रही है। सोडा के दाम दोगुने हो गए हैं।₹ उन्होंने कहा कि खेती महंगी होती जा रही है, जबकि किसानों की आय कम हो रही है।

कृषक उपवंशी ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि ₹सोडा से लेकर धान के बीज तक के दाम बढ़ गए हैं। जिस धान को किसान ने 16 और 20 रुपए में बेचा, उसका बीज खरीदने के लिए उन्हें हजार रुपए देने पड़ रहे हैं।₹ उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार का किसानों पर कोई ध्यान नहीं है और ऐसी स्थिति में किसानों के सामने आंदोलन के अलावा कोई रास्ता नहीं है।

किसान डहारे ने बताया कि ₹आज सारे नियम किसानों पर लागू किए जा रहे हैं। अभी डिब्बे में डीजल नहीं देंगे, सोडा का रेट बढ़ गया है, जिससे किसान परेशान हैं।₹ उन्होंने चेतावनी दी कि इन परिस्थितियों के कारण जो किसान अधिक रकबे पर खेती करते थे, वे अब कम रकबे पर खेती कर रहे हैं, जिससे न केवल खेती कम होगी बल्कि उत्पादन पर भी असर पड़ेगा और अनाज की कमी हो सकती है।

## खबर प्रकाशन के बाद भी नहीं जागे जिम्मेदार

### जाम बाजारी चौक पर गंदगी जस की तस , बीमारी फैलने का बढ़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।



हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
23062026 Jabalpur Satpura Bhoomi - 23 Jun 2026 - Page 4
login : www.haribhoomi.com

बाजारी चौक जाम में सड़कों पर बह रहा गंदा पानी, बदबू से लोगों का जीना मुहाल

प्रशासन की बड़ी लापरवाही, महामारी फैलने का बड़ा खतरा? व्यापारी और राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

विकासखंड लालबर्रा के ग्राम पंचायत जाम के सबसे व्यस्त व्यावसायिक केंद्र बाजारी चौक पर फैली गंदगी और गंदे पानी की निकासी की समस्या को लेकर ' दैनिक राष्ट्रीय हरीभूमि समाचारपत्र ' द्वारा प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किए जाने के बाद भी स्थानीय प्रशासन की नींद नहीं खुली है। खबर छपने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों ने इस गंभीर जनसमस्या की सुध लेना मुनासिब नहीं समझा। आज भी बाजारी चौक पर गंदा और बदबूदार पानी सड़कों पर उसी तरह बह रहा है, जिससे स्थानीय लोगों का गुस्सा सातवें आसमान पर है।वादे हवा-हवाई, गंदे पानी से निकलने को मजबूर राहगीर स्थानीय प्रशासन के दावों और वादों की पोल बाजारी चौक की बदहाल सड़कें खोल रही हैं। कड़कती धूप और उमस के बीच सड़कों पर जमा मलबा और काई अब सड़ने लगी है, जिससे पूरे इलाके में भीषण दुर्गंध फैल चुकी है। पैदल चलने वाले राहगीर और दोपहिया वाहन चालक सबसे बुरा हाल बच्चों और बुजुर्गों का है, जिन्हें इस संक्रामक पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है।

**स्वास्थ्य विभाग मौनः मलेरिया और डेंगू का डंक झेलने को तैयार रहे जनता**

इस भीषण गंदगी के कारण इलाके में मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ा है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि प्रशासन किसी बड़ी महामारी या मौतों का इंतजार कर रहा है? डेंगू, मलेरिया और डायरिया जैसी घातक बीमारियों का खतरा सिर पर मंडरा रहा है? लेकिन न तो पंचायत और न ही स्वास्थ्य विभाग का अमला इस ओर ध्यान दे रहा है। जो जनता के लिए बड़ा ही दुखदाई है। देखना होगा कि प्रशासन इस जन समस्या से कब निजात दिलाता है।

## मंगोली खुर्द में रेत के अवैध भंडारण पर प्रशासन की बड़ी कार्यवाही, 96 ट्रॉली रेत जब्त की गई

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट जिले में अवैध खनिज के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आज 27 जून को राजस्व और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने किरनापुर तहसील के ग्राम मंगोली खुर्द में बड़ी कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में शासकीय भूमि पर अवैध रूप से भंडारित रेत का बड़ा जखीरा बरामद किया गया है।

**शासकीय भूमि पर कब्जा कर रखा था रेत का ढेरः** उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि प्रशासनिक अमले को सूचना मिली थी कि मंगोली खुर्द क्षेत्र में अवैध रेत का भंडारण किया गया है। सूचना मिलते ही राजस्व और खनिज विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से मौके पर छापा मारा। जांच के दौरान ग्राम मंगोली खुर्द के खसरा क्रमांक 113/1/1 की शासकीय भूमि पर भारी मात्रा में रेत का भंडारण पाया गया।

**96 ट्रॉली रेत लावारिश हालत में मिलीः** मौके पर पहुंची टीम को लगभग 96 ट्रॉली रेत लावारिश अवस्था में मिली। जांच के दौरान वहां मौजूद किसी भी व्यक्ति ने रेत के वैध होने संबंधी कोई दस्तावेज या शासन से प्राप्त अनुमति पत्र प्रस्तुत नहीं किया। खनिज के अवैध भंडारण की पुष्टि होने पर प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से उक्त रेत को अपने कब्जे में ले लिया है।

**कोटवार की सुपुर्दगी में दी गई सामग्रीः** वैधानिक अनुमति न पाए जाने पर प्रशासन ने म.प्र. खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत रेत को जब्त कर लिया है। सुरक्षा की दृष्टि से जब्त की गई रेत को स्थानीय ग्राम कोटवार की अभिरक्षा और देखरेख में सौंप दिया गया है।

**नियमों के तहत होगी निवर्तन की कार्रवाईः** प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जब्त की गई रेत के संबंध में आगामी निवर्तन की कार्रवाई म.प्र. खनिज नियम 2022 के प्रावधानों के अनुरूप की जाएगी। अवैध खनिज माफियाओं के खिलाफ जिले में जारी इस सख्ती से हड़कंप मचा हुआ है। प्रशासन का कहना है कि भविष्य में भी अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ इस तरह की छापामार कार्रवाई जारी रहेगी।

## कोचेवाही में सुपर सीडर से डीएसआर बोनी, आधुनिक तकनीक अपनाने को लेकर किसानों में बढ़ा उत्साह

**बालाघाट।** बालाघाट जिले के लांजी विकासखंड के टेमनी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोचेवाही में किसानों ने आधुनिक कृषि यंत्र सुपर सीडर के माध्यम से डीएसआर (डायरेक्ट सीडेड राइस) पद्धति से धान की बोनी कर आधुनिक खेती की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। इस तकनीक को अपनाने से क्षेत्र के किसानों में उत्साह का माहौल है और अन्य किसान भी इससे प्रेरित हो रहे हैं।

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार सुपर सीडर तकनीक से बिना अधिक जुताई के सीधे बुवाई की जा सकती है। इससे समय, श्रम और उत्पादन लागत में कमी आती है, वहीं एक ही प्रक्रिया में बीज एवं उर्वरक का उपयोग होने से कार्य अधिक तेज और प्रभावी बनता है। खेत में मौजूद फसल अवशेष मिट्टी में मिल जाने से भूमि की उर्वरता एवं जैविक कार्बन भी बढ़ता है, जिससे पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है।

ग्राम कोचेवाही की कृषक श्रीमती अदिति घोरमारे एवं श्री सुखराम भागदड़र ने बताया कि पारंपरिक पद्धति की अपेक्षा सुपर सीडर से बोनी करना अधिक सुविधाजनक और किफायती है। किसानों को उम्मीद है कि इस तकनीक से फसल की बेहतर वृद्धि होगी तथा उत्पादन में भी वृद्धि देखने को मिलेगी।

इस अवसर पर ग्राम कोचेवाही निवासी एवं कृषि विभाग किरनापुर में पदस्थ कृषि अधिकारी श्री गांधी घोरमारे ने किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि बदलते कृषि परिदृश्य में नई तकनीकों को अपनाना समय की आवश्यकता है। इससे खेती अधिक लाभकारी बनने के साथ-साथ प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण भी संभव है।

## कटंगी में चला 'सेफ क्लिक 2.0 साइबर सुरक्षा अभियान

### पुलिस का संदेश रुको, सोचो और फिर कार्रवाई करो



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** बढ़ते साइबर अपराधों पर रोक लगाने और आम लोगों को डिजिटल फ्रॉड से बचाने के उद्देश्य से कटंगी में सेफ क्लिक 2.0 साइबर सुरक्षा अभियान चलाया गया। पुलिस विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के तहत स्थानीय बस स्टैंड, बाजार क्षेत्र में महिलाओं, बुजुर्गों और व्यापारियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के दौरान पुलिस कर्मियों और बस स्टैंड में सेफ क्लिक 2.0 सुरक्षित क्लिक, सुरक्षित जीवन' का बैनर लेकर लोगों को जागरूक किया। बैनर पर साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 और वेबसाइट की जानकारी भी अंकित थी। रैली में बड़ी संख्या में महिलाएं, स्थानीय नागरिक और पुलिसकर्मी शामिल हुए। महिला पुलिस अधिकारी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सावधानी ही सुरक्षा है। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, ओटीपी-क्यूआर कोड किसी से शेयर न करें। लालच देने वाले मैसेज, लॉटरी, केवाईसी अपडेट के नाम पर होने वाले फ्रॉड से बचें। उन्होंने बताया कि 'सेफ क्लिक 2.0 मध्य प्रदेश पुलिस का राज्यव्यापी अभियान है जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों तक साइबर जागरूकता पहुंचाना है।

**पुलिस ने इन बातों पर दिया जोरः** पुलिस ने बताया कि किसी भी प्रकार का साइबर फ्रॉड होने पर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें। गोल्डन आवर में शिकायत करने पर पैसा वापस मिलने की संभावना बढ़ जाती है। फेसबुक, व्हाट्सएप पर अनजान लोगों से दोस्ती न करें। अपनी निजी फोटो-वीडियो शेयर करने से बचें। फर्जी कस्टमर केयर नंबर, बिजली बिल अपडेट, पार्ट टाइम जॉब के नाम पर ठगी से सावधान रहने की अपील की गई। पुलिस ने बताया कि साइबर अपराधी सबसे ज्यादा महिलाओं और बुजुर्गों को अपना शिकार बनाते हैं, इसलिए विशेष सतर्कता जरूरी है। संजय वैद्य नाम के एक राहगीर ने कहा मोबाइल तो सब चलाते हैं, पर फ्रॉड के तरीके नहीं पता थे। पुलिस ने बहुत अच्छी जानकारी दी। अब किसी लिंक पर सोच-समझकर क्लिक करूंगा।

## डॉ. ममतानी दंपति ने मरीजों को प्रदान किया उपचार, निशुल्क आयुर्वेदिक रोग निदान शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



आरोग्यधाम हेल्थ केयर सोसायटी के तत्वावधान में नागपुर के सुप्रसिद्ध आयुर्वेद पंचकर्म तज्ञ, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता डॉ. ममतानी दंपति द्वारा कटंगी शहर में जनपद पंचायत कार्यालय के सामने स्थित सामुदायिक भवन में विशाल निशुल्क आयुर्वेदिक रोग निदान शिविर का आयोजन किया गया। यह डॉ. ममतानी दंपति का 298 वां कैंप है। शिविर में डॉ. जी. एम. ममतानी, एम.डी. (आयुर्वेदिक पंचकर्म), डी.एम.एल.टी. (गोल्ड मेडलिस्ट) और डॉ. अंजू जी. ममतानी, बी.ए.एम.एस. (आयुर्वेदिक सौंदर्य व स्त्री रोग तज्ञ) मरीजों का परीक्षण कर परामर्श दिया। डॉ. ममतानी दंपति को आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सा में विशेषज्ञता के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जा चुका है। शिविर में संधिवात, लकवा, स्पॉन्डिलाइटिस, स्लिप डिस्क, घुटना व कमर दर्द, फ्रोजन शोल्डर, हिप जॉइंट नेक्रोसिस, लिगामेंट इंजुरी, डायबिटीज, हृदय रोग, हायपरटेंशन, हायकोलेस्ट्रॉल, मोटापा, दुबलापन, मिर्गी, माइग्रेन, सायनोसाइटिस, दमा, पुरानी सर्दी-खांसी, एलर्जी, थायराइड विकार, वैरिकोज वेन्स, एसिडिटी, अल्सर, कब्ज, बवासीर, पेट के रोग, अल्सरेटिव कोलाइटिस, इरिटेबल बोवेल सिंड्रोम, किडनी विकार, पथरी, चर्मरोग - सोरिएसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, स्त्रीरोग, बांझपन, सौंदर्य समस्याएं, मुहांसे, झाइयां, बालों का झड़ना, असमय बाल सफेद होना, सेक्स समस्याएं आदि का आयुर्वेदिक पद्धति से उपचार किया गया।

**शिविर में मिली यह विशेष सुविधाएं-** शिविर में हड्डियों में कैल्शियम की जांच अत्याधुनिक कम्प्यूटराइज्ड बीएमडी मशीन द्वारा किया गया। आवश्यकतानुसार मरीजों का ब्लड शुगर टेस्ट किया गया। वहीं शिविर में आए लोगों को आयुर्वेदिक जीवनशैली पर आधारित स्वास्थ्य वाटिका पत्रिका मुफ्त वितरित गई। शिविर संयोजक प्रीतम खटवानी, दीपक पंजवानी ने बताया कि क्षेत्र भर के लोगों ने शिविर में पहुंचकर लाभ लिया। डॉ. ममतानी दंपति ने कहा घर-घर में आयुर्वेद मुहिम के तहत देशभर में अब तक 297 निशुल्क शिविर लगा चुके हैं। कटंगी में यह 298 वां कैंप था। आयोजकों का कहना है कि महंगी एलोपैथिक दवाओं और साइड इफेक्ट से परेशान लोगों के लिए आयुर्वेद वरदान साबित हो रहा है। पुराने और जटिल रोगों में पंचकर्म चिकित्सा के बेहतर परिणाम सामने आए हैं।

## बालाघाट और कटंगी में कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण, सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना एवं अनुविभागीय अधिकारी श्री गोपाल सोनी के निर्देशानुसार जिले में कोचिंग संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में 26 जून को तहसीलदार श्रीमती मंजुला महोबिया ने तहसील बालाघाट अंतर्गत संचालित कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान भोपाल एकेडमी, लक्ष्य एकेडमी एवं संकल्प ऑक्सीजन कोचिंग संस्थान में आपातकालीन निकास (इमरजेंसी एग्जिट), अग्निशमन यंत्र (फायर सेफ्टी), सुरक्षा व्यवस्थाओं एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। तहसीलदार ने संचालकों को सभी सुरक्षा मानकों का अनिवार्य रूप से पालन करने तथा विद्यार्थियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

इसी कड़ी में 27 जून को अनुविभागीय अधिकारी कटंगी श्री के.सी. ठाकुर के निर्देश पर तहसीलदार श्री शांडिल्य ने बीआरसी श्री कुशराम के साथ तहसील कटंगी के विभिन्न कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा मानकों, आपातकालीन निकास एवं अग्नि सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की जांच की गई तथा सभी संस्थानों को निर्धारित सुरक्षा मानकों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। सभी कोचिंग संस्थानों को आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने तथा शासन द्वारा निर्धारित मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। भविष्य में भी इस प्रकार के निरीक्षण लगातार जारी रहेंगे।

## बालाघाट में सारस गणना 2026 सम्पन्न, जिले में 50 सारस पक्षियों की हुई गणना



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण के लिए निरंतर कार्यरत सेवा(Sustaining Environment and Wildlife Assemblage) संस्था ने दक्षिण एवं उत्तर वनमंडल बालाघाट, जिला पुरातत्व एवं संस्कृति परिषद तथा स्थानीय किसानों एवं सारस मित्रों के सहयोग से सारस गणना-2026 का सफल आयोजन किया। छह दिनों तक चले इस अभियान में जिले के 66 स्थानों पर वैज्ञानिक एवं पारंपरिक पद्धति से सारस पक्षियों की गणना की गई।

गणना के लिए 22 टीमों का गठन किया गया, जिन्होंने सुबह 4:45 बजे से 9:00 बजे तक सारसों के विश्राम स्थलों एवं प्राकृतिक आवासों पर पहुंचकर प्रत्यक्ष अवलोकन के माध्यम से गणना की। प्रत्येक टीम में सेवा संस्था के सदस्य एवं वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे। संस्था द्वारा वर्षभर सारसों के आवास, प्रजनन स्थलों एवं भ्रमण मार्गों का अध्ययन किया जाता है तथा ग्रामीणों और विद्यार्थियों को सारस संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाता है।

संस्था ने बताया कि बालाघाट और महाराष्ट्र के गोंदिया जिले के बीच बहने वाली वैनगंगा एवं बाघ नदी के कारण दोनों क्षेत्रों की जैव विविधता समान है। इसी वजह से कई सारस जोड़े दोनों राज्यों के बीच निर्बाध रूप से विचरण करते हैं, जो प्रकृति की एक अनूठी मिसाल है। गणना के आंकड़ों की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए 19 से 25 जून तक प्रतिदिन सुबह और शाम सभी प्रमुख सारस आवासों का निरीक्षण भी किया गया। गणना के अनुसार बालाघाट जिले में 50 तथा गोंदिया जिले में 32 सारस पक्षियों की उपस्थिति दर्ज की गई। पिछले वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो वर्ष 2025 में 48 सारस दर्ज किए गए थे, जबकि इस वर्ष यह संख्या बढ़कर 50 हो गई है, जो संरक्षण प्रयासों की सकारात्मक उपलब्धि मानी जा रही है। वहीं पिछले चार वर्षों में सारस के घोंसलों की संख्या लगभग स्थिर बनी हुई है।

इस अभियान को सफल बनाने में मुख्य वन संरक्षक, दक्षिण एवं उत्तर वनमंडल के अधिकारियों, सेवा संस्था के पदाधिकारियों, जिला पुरातत्व एवं संस्कृति परिषद, वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों, स्थानीय किसानों, सारस मित्रों एवं स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सेवा संस्था ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी सारस संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन के लिए जनसहभागिता बढ़ाने का संकल्प दोहराया।







